प्रधान मंत्री, लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में 23 जनवरी 2023 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे

...

प्रधान मंत्री, लोक सभा अध्यक्ष और अन्य विशिष्टजनों के साथ 'अपने नेताओं को जानिए' कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर से आए 80 युवा प्रतिभागी भी नेताजी को श्रद्धांजलि देंगे

...

80 प्रतिभागियों में से 31 प्रतिभागी नेताजी के योगदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नेता जी के जीवन से जुड़े प्रेरक आदर्शों और प्रसंगों का वर्णन करेंगे।

...

अखिल भारतीय स्तर पर मंत्रालयों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता रहे प्रतिभागी देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं

...

प्राइड द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रीय नेताओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न के लिए लोक सभा अध्यक्ष द्वारा शुरू की गई अनूठी पहल है

नई दिल्ली, 22 जनवरी 2023: प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; लोक सभा और राज्य सभा में दलों के नेता; संसद सदस्य, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति कल अर्थात 23 जनवरी 2023 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एन. संजीव रेड्डी द्वारा 23 जनवरी, 1978 को किया गया था।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष की प्रेरणा और मार्गदर्शन में एक नई पहल की गई कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान संसद भवन में हमारे दिग्गज राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से देश के युवाओं को इन महान राष्ट्रीय नेताओं के जीवन और योगदान के बारे में अधिक जानकारी देकर उनमें जागरूकता उत्पन्न की जाए। तदनुसार, लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड), ने 'अपने नेताओं को जानिए' शीर्षक से नया कार्यक्रम शुरू किया है।

25 दिसंबर 2022 तक केन्द्रीय कक्ष में 'नो योर लीडर्स' कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे 8 कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। पहला आयोजन 02 अक्टूबर 2022 को महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में अब तक 1168 प्रतिभागियों ने भाग लिया है।

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र निर्माण में युवा ऊर्जा और शक्ति के सदुपयोग के प्रबल समर्थक रहे हैं। 2014 के बाद उन्होंने युवाओं पर आधारित कई नीतियों और कार्यक्रमों की शुरुआत की है। हाल ही में, स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उन्होंने कर्नाटक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। 25 दिसंबर 2022 को पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाने के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में युवा प्रतिभागियों से बातचीत की।

इसी कड़ी में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के समन्वय से चयनित 80 युवा प्रतिभागी भी 23 जनवरी 2023 को नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

अखिल भारतीय स्तर पर मंत्रालयों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता रहे युवा प्रतिभागी विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

80 प्रतिभागियों में से 31 प्रतिभागी नेताजी के योगदान पर हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में बोलेंगे और उनके जीवन के प्रेरक आदर्शों और प्रसंगों का वर्णन करेंगे।

23 प्रतिभागियों को स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने My Gov प्लेटफॉर्म और DIKSHA के माध्यम से आयोजित 'अपने संविधान को जानें', पोस्टकार्ड क्विज, कला उत्सव जैसी विभिन्न क्विज़ प्रतियोगिताओं के विजेताओं में से नामांकित किया है। विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने बड़ी संख्या में इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लिया था। अन्य 30 प्रतिभागियों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित किया गया है। 18-25 वर्ष के आयुवर्ग के ये युवा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आयोजित राज्य युवा संसद 2021-2022 के विजेता/रैंक धारक हैं। युवा कार्य विभाग द्वारा नामित शेष 27 प्रतिभागी 15-29 वर्ष के आयुवर्ग के युवाओं में से चुने गए हैं। इनमें नेहरू युवा केंद्र संगठन के माध्यम से जिला स्तर, राज्य स्तर और केंद्रीय स्तर पर आयोजित वार्षिक राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में भाग लेने वाले छात्र और गैर छात्र शामिल हैं।

संसद भवन के अलावा, चुने हुए प्रतिभागियों को कर्तव्य पथ, युद्ध स्मारक, राजघाट, राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र और प्रधान मंत्री संग्रहालय ले जाया जाएगा।

प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भी दिए जाएंगे।